>

Title: Regarding delay in construction of Express highway and operation of rapid train between Delhi and Meerut.

श्री राजेन्द्र अग्रवाल (मेरठ): माननीय सभापति जी, दिनांक 26 जुलाई के प्रमुख समाचार-पत्रों में समाचार प्रकाशित हुआ था कि प्रधानमंत्री जी द्वारा गठित उच्च स्तरीय समिति ने प्रमुख परियोजनाओं की पूर्णता के लिए समय-सीमा निर्धारित की है। जिन परियोजनाओं के लिए समय-सीमा तय की गयी है, उनमें दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस हाईवे भी शामिल है। प्रधानमंत्री कार्यालय से जारी सूचना के अनुसार इस एक्सप्रेस-वे का कार्य 15 मार्च, 2014 तक पूर्ण कर लिया जाएगा।

इसके पूर्व दिनांक 7 जुलाई, 2009 को मेरे द्वारा पूछे गए अतारांकित प्रश्न संख्या 329 के जवाब में तत्कालीन माननीय मंत्री जी ने बताया था कि इस एक्सप्रेस-वे का निर्माण कार्य दिसम्बर, 2014 तक पूर्ण कर लिया जाएगा। इस उत्तर के दो वर्ष पश्चात पुनः दिनांक 08 अगस्त, 2011 को मेरे द्वारा पूछे गए अतारांकित प्रश्न संख्या 1161 में माननीय मंत्री जी द्वारा बताया गया कि इस एक्सप्रेस-वे का निर्माण कार्य दिसम्बर, 2015 तक पूर्ण कर लिया जाएगा।

महोदय, मंत्री जी से अवश्य पूछा जाना चाहिए कि उनका कौन-सा उत्तर सही हैं? अपने उत्तर के अनुसार कार्य को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के लिए क्या माननीय मंत्री जी कोई कार्य-योजना भी बनाते हैं या गलत उत्तर देकर सदन तथा मेरे क्षेत्र की जनता को गुमराह करते हैं।

महोदय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की संकल्पना के अनुसार दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस हाईवे को बहुत पहले बन जाना चाहिए था। परन्तु, विभिन्न आश्वासनों के बाद भी इस एक्सप्रेस-वे का निर्माण कार्य अभी तक प्रारंभ नहीं हुआ है।

सभापति जी, जैसा कि मैंने उल्लेख किया है, इस कार्य को पूरा करने की दो समय-सीमाएं दिसम्बर, 2014 तथा दिसम्बर, 2015 तो माननीय मंत्री जी द्वारा बतायी गयी हैं तथा एक तीसरी समय-सीमा 31 मार्च, 2014 स्वयं प्रधानमंत्री जी के कार्यालय द्वारा घोषित की गयी है। मैं इस नयी समय-सीमा को केवल चुनावी घोषणा नहीं मान सकता क्योंकि यह स्वयं प्रधानमंत्री जी की विश्वसनीयता का सवाल है।

महोदय, मेरा आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस हाई-वे का कार्य तुंत प्रारंभ किया जाए ताकि यह समय से पूरा हो सके।